**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना**

**5, हार्डिंग रोड, पटना– 800001**

(वेबसाईटः https://bpssc.bihar.gov.in)

**संदर्भः–विज्ञापन संख्या–05/2025, 01/2026 एवं 02/2026**

**लिखित परीक्षा के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता/योग्यता परीक्षा, अभिलेख सत्यापन एवं प्रवेश–पत्र के सम्बन्ध में आवश्यक सूचनाः–**

(1) विज्ञापन संख्या–05/2025 के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक, विज्ञापन संख्या–01/2026 के अंतर्गत आम अभ्यर्थियों से अधिनायक लिपिक एवं विज्ञापन संख्या–02/2026 के अंतर्गत गृह रक्षक (दैनिक कर्त्तव्य भत्ता भोगी खिलाड़ी सहित) से अधिनायक लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु मुख्य लिखित परीक्षा/लिखित परीक्षा के आधार पर अगले चरण के लिए चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता/योग्यता परीक्षा {Physical Efficiency Test(PET)} का आयोजन माह सितम्बर/अक्टुबर 2026 में पटना में किया जायेगा।

(2) शारीरिक दक्षता/योग्यता परीक्षा का प्रवेश–पत्र दिनांक–08/09/2026 से आयोग की वेबसाइट https://bpssc.bihar.gov.in पर उपलब्ध होगा। विज्ञापन संख्या–05/2025 के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक पद के अभ्यर्थी **'Bihar Police'** टैब से तथा विज्ञापन संख्या–01/2026 एवं 02/2026 के अभ्यर्थी **'Homeguard'** टैब से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें वे दिनांक–15/09/2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के 5, हार्डिंग रोड, पटना–800001 स्थित कार्यालय से अपने आवेदन–पत्र की पावती की छायाप्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

(3) शारीरिक दक्षता/योग्यता परीक्षा (PET) में निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना एवं सफल अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन कराना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा। किसी भी स्थिति में अवधि विस्तार का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

(4) शारीरिक दक्षता/योग्यता परीक्षा (PET) के अवसर पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने प्रवेश–पत्र एवं ऑनलाइन आवेदन–पत्र की पावती की छायाप्रति के अतिरिक्त निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उसकी एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगेः–

- (i) वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र जैसे– मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि।
- (ii) शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र– इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीणता प्रमाण–पत्र वि0सं0–01/2026 एवं 02/2026 के अभ्यर्थियों के लिए। स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीणता प्रमाण–पत्र वि0सं0–05/2025 के अभ्यर्थियों के लिए।
- (iii) जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति)
- (iv) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का जाति प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।
- (v) क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।
- (vi) बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए)।

(vii) बिहार राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य (यदि लागू हो तो) होने संबंधी वित्तीय वर्ष 2024–2025 की आय एवं परिसम्पतियों के आधार पर बना हुआ प्रमाण–पत्र। बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक–26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में अनुमान्य होगा।

(viii) बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतीनी (यदि लागू हो तो) होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र, बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–11687/सा0प्र0 दिनांक–30.08.2016 में विहित प्रपत्र के अनुसार।

(ix) बिहार सरकार के सरकारी सेवक होने संबंधी प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो), बिहार सरकार में कार्यरत ऐसे सरकारी सेवक, जिन्होंने विज्ञापन में वर्णित कट ऑफ तिथि तक नियमित सेवा में न्यूनतम तीन वर्षों की अवधि पूरी कर ली हो, वे अपने नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाएँगे।

(x) भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को अपना पी0पी0ओ0 तथा डिस्चार्ज बुक लाना अनिवार्य होगा।

(xi) किन्नर/कोथी/हिजड़ा/ट्रांसजेंडर (थर्ड जेन्डर) अभ्यर्थियों को बिहार राज्य का मूल निवासी होने का प्रमाण–पत्र तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र उनके ट्रांसजेन्डर होने के निमित्त प्रस्तुत करना होगा।

(xii) बिहार गृह रक्षा वाहिनी संगठन में नामांकित एवं प्रशिक्षित पुरुष, महिला एवं थर्ड जेन्डर जो संगठन में कम से कम 5 वर्षों की सेवा/ड्यूटी दे चुके हों। बिहार राज्य के गृह रक्षक होने संबंधी प्रमाण–पत्र तथा होम गार्ड का वैध परिचय–पत्र शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय लाना अनिवार्य होगा (केवल विज्ञापन संख्या–02/2026 के अभ्यर्थियों के लिए)।

(5) प्रतियोगिता परीक्षा के प्रत्येक चरण में अभ्यर्थियों को संबंधित विज्ञापन संख्या–05/2025, 01/2026 एवं 02/2026 में वर्णित सभी शर्तो/प्रावधानों का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।

ह0/–
**विशेष कार्य पदाधिकारी,**
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
बिहार, पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा–01–06/2025–**1132** दिनांक–**12/08/2026**

**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,**
**5, हार्डिंग रोड, पटना– 800001**